RAF SECTOR
NEWS CLIP
28/07/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan , Prayagraj (U.P.)

स्थापना दिवस पर शहीदों को नमन

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

● स्थापना दिवस शहीदों को याद करते हुए पुष्पचक्र अर्पित किया गया.

prayagraj@inext.co.in

PRAYAGRAJ (27 July): सीआरपीएफ का 82वाँ स्थापना दिवस सोमवार को 101 रैपिड एक्शन फोर्स शांतिपुरम द्वारा जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया. स्थापना दिवस के अवसर पर कमांडेंट आरके निगम ने परम्परागत रूप से परेड ग्राउंड में शहीदों को याद करते हुए शहीद स्मारक स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित किया. शहीदों को सलामी दी. सीआरपीएफ के गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया. इस अवसर पर 101 रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों, कर्मचारियों को अति उत्कृष्ट सेवा मैडल व उत्कृष्ट सेवा मैडल से भी सम्मानित किया गया.

कमांडेंट ने आरएएफ के जवानों व अधिकारियों को उनकी कर्तव्य परायणता के लिए प्रेरित किया. इस कोरोना महामारी के दौर में उनकी निष्ठापूर्वक ड्यूटी की प्रशंसा की. वाहिनी में तैनात सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी. इस दौरान कमांडेंट आरके निगम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी केके सिंह, नरेंद्र कुमार, दीपक तिवारी, मुकेश कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार पाठक आदि मौजूद रहे.

Hindustan , Aligarh (U.P.)

सोमवार को सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर गार्ड की सलामी लेते कमांडेंट भावेश चौधरी

सीआरपीएफ का 82 वां स्थापना दिवस मनाया

अलीगढ़। आरएएफ बटालियन में सोमवार को सीआरपीएफ का 82वां स्थापना दिवस मनाया। कमांडेंट भावेश चौधरी ने गार्ड की सलामी ली। कमांडेंट ने बताया कि आरएएफ बटालियन भी सीआरपीएफ का अभिन्न अंग है। यह एक विशेष दंगा रोधी बल है। 27 जुलाई 1939 को नीमच 'मप्र' में सीआरपीएफ का गठन क्राउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के नाम से किया गया। आजादी के बाद सरदार पटेल की दूरदर्शिता के कारण इसे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का नाम दिया गया। आतंकवादी हमले का मुहतोड़ जवाब देना और नक्सलियों से लोहा लेने के लिए यह बल काफी प्रसिद्ध है।

Prabhat khabar, Jamshedpur(JKD)

सीआरपीएफ ने मनाया 82वां स्थापना दिवस

जमशेदपुर. सुंदरनगर स्थित रैफ 106 परिसर में सोमवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 82वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर कई कार्यक्रम का आयोजन कैंप परिसर में हुआ. कार्यक्रम के प्रारंभ में गार्ड द्वारा रैफ के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह को सलामी दी गयी. इसके बाद शहिदों के पराक्रम और उनके बलिदान को याद कर पुष्पांजलि दी गयी. उसके बाद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया. इस मौके पर कमांडेंट श्री सिंह ने बल के महत्व व इतिहास के बारे में जानकारी दी. इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार, उप कमांडेंट अनामी शरण, जय प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।